हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 जनवरी 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


10 खरीदी के आखिरी दौर में मची आपाधापी एक लाख से अधिक ...



11 महंगे शौक और फिजूलखर्ची ने बना दिया बचपन में ...




## खबर संक्षेप

### आपदाग्रस्त 5 परिवारों के लिए की 20 लाख आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बेमेतरा।** राजस्व पुस्तक परिपत्र (आर.बी.सी.) 6-4 परिशिष्ट-1 (पांच) के तहत कलेक्टर शर्मा ने जिले के 5 विपत्तिग्रस्त परिवार को 4-4 लाख रुपये प्रत्येक के मान से 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। ज्ञात हो कि प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने के फलस्वरुप मृतक के निकटतम वारिसान को यह आर्थिक सहायता राशि प्रदान किया जाता है। संयुक्त जिला कार्यालय बेमेतरा के राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील नांदघाट के ग्राम कुंवरा निवासी कैलाश कोशले की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन जानकी कोशले को 4 लाख रुपये, ग्राम गिधवा निवासी संजय मानिकपुरी की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन ईतवारीदास मानिकपुरी को 4 लाख रुपये, ग्राम बुंदेला निवासी संतोषी राजपूत की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन टेकेन्द्र कुमार राजपूत को 4 लाख रुपये, ग्राम मगरघटा निवासी धनराज साहू की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर परिजन राजेश कुमार साहू को 4 लाख रुपये एवं बेनबाई सोरी की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर परिजन बरातु ध्रुव को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिलाधीश ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के माध्यम से हितग्राहियों/आवेदक के बैंक खाते में सहायता राशि का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

### 17 को गुंडरदेही पहुंचेंगे मुख्यमंत्री साय

**गुण्डरदेही।** गुण्डरदेही में 17 जनवरी को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। बुधवार को नगर के जेएलएम स्कुल मैदान गुण्डरदेही में जिला कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल, एसपी, सीईओ जिला पंचायत बालोद, गुण्डरदेही, एसडीएम तहसीलदार, थाना प्रभारी व सांसद प्रतिनिधि प्रमोद जैन ने अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ जगह का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल ने हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल व चंडी मंदिर स्थल तक पहुंचने वाले मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

### सुकड़ीगहन पहुंची एसडीएम, कमार जनजाति के लोगों से पूछा हालचाल

**बालोद।** एसडीएम डौण्डी प्राची ठाकुर ने मंगलवार 9 जनवरी को जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम सुकड़ीगहन में पहुँचकर विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समाज के लोगों से भेंटकर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने कमार जनजाति के लोगों से शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि ग्राम सुकड़ीगुहान में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समाज के 70 परिवार निवासरत हैं। इस दौरान अतिरिक्त तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

### अंडा में श्री रामोत्सव एवं दीप महायज्ञ 22 को

**अंडा।** समस्त ग्रामवासी अण्डा गुड़ी चौक अण्डा में अयोध्या श्रीराम मंदिर उद्घाटन श्री रामोत्सव एवं दीपमहायज्ञ महोत्सव का आयोजन 22 जनवरी को किया जाएगा। किसान मोर्च जिला महामंत्री अजीत चंद्राकर ने बताया कि इस अवसर पर पंडित महेन्द्र पाण्डेय द्वारा 11 से 1 बजे तक पूजा-अर्चना कर महाआरती की जाएगी। दोपहर 1 से 4 बजे तक गुरूकृपा मानस जगराता फाग परिवार आमटी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। उसके बाद महाप्रसादी भंडारा, 5 बजे से 6 बजे से दीपोत्सव के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान आतिशबाजी की जाएगी।

# विधायक दीपेश के हाथों पात्र श्रमिक हुए लाभान्वित 2276 श्रमिकों के खातों में पौने दो करोड़ जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में पंजीकृत हितग्राहियों को योजनाओं के आधार पर पात्र श्रमिकों को बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के हाथों लाभान्वित किया गया।

बीओसी मंडल में कुल 2276 हितग्राहियों को राशि 1,88,81,500 विधायक के हाथों से सीधे श्रमिकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया। नोनी सशक्तिकरण योजना में हितग्राही सुशीला की पुत्री कु० कुलेश्वरी, खिलोरा एवं हितग्राही संतोषी वर्मा की पुत्री कु० सोनिया वर्मा, बैजी। मिनीमाता महतारी जतन योजना में हितग्राही डेरहिन साहू, मटका, रूखमणी साहू, जेवरी। नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना में हितग्राही राजकुमार साहू की पुत्री दामनी साहू, ओटेबंद भारत सिंह वर्मा की पुत्री जानवी वर्मा, विद्यानगर बेमेतरा एवं अन्य हितग्राही एवं उनके बच्चे उपस्थित रहे। बीओसी मंडल के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के अंतर्गत पजीकृत श्रमिकों के प्रथम दो पुत्री को जिसकी आयु 18 से 21 वर्ष, दसवी उत्तीर्ण हो, को बीस हजार रूपये दिये जाने का प्रावधान है।

### महतारी जतन योजना में 20 हजार देने का प्रावधान

मिनीमाता महतारी जतन योजना में पंजीकृत महिला श्रमिकों के प्रथम दो संतान के जन्म पर राशि बीस हजार दिये जाने का प्रावधान है। एवं नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिको के प्रथम दो संतान को कक्षा पहली से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए राशि 1000 से 10,000 तक दिये जाने का प्रावधान है। उक्त कार्यक्रम में शेषेन्द्र प्रताप सिंह कल्याण अधिकारी, आलोक यादव एवं छलेश्वर साहू, कल्याण निरीक्षक तथा अन्य श्रमिक एवं उनके बच्चे उपस्थित रहे। हितग्राहियों द्वारा इस प्रकार की सहायता मिलने पर राज्य के मुखिया विष्णुदेव साय क्रो बेमेतरा विधायक एवं श्रम विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों का अभार व्यक्त किया गया।



### डीबीटी के माध्यम से 32.61,500 का भुगतान

जिनके तहत जिला के छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत संचालित योजना- मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना में 452 हितग्राहियों के पुत्री को कुल राशि 90,40,000, मिनीमाता महतारी जतन योजना में 329 हितग्राहियों को 65,80,000-00 एवं नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना में 1495 हितग्राहियों के बच्चों हेतु कुल राशि 32.61,500 डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया।

## बैठक : कलेक्टर ने की जिला पंचायत के कार्यों की समीक्षा

# अधूरे पीएम आवास निर्माण कार्य दो माह में कराएं पूरा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे । कलेक्टर ने कहा कि स्वीकृत हुए कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करें। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2020-21 में स्वीकृत पात्र हितग्राहियों के आवास को एक अभियान चलाकर दो महीने के भीतर पूर्ण करें। उन्होंने स्पष्ट किया की आवास योजना के तहत जितने पात्र लोगों क्रो आवास अबंटन हुआ हैं, उसे प्राथमिकता से पूर्ण करें ।



### कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर होगी सख्ती

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत कार्यों की पूर्णता, हितग्राही को प्राप्त किश्त राशि, शेष लंबित कार्य और निरीक्षण कार्यों के बारे में जानकारी ली । साथ ही अधिकारियों को कार्य का अवलोकन कर निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। जिलाधीश ने 20 दिनों में जो भी आवास पूर्ण हैं या स्थान सुनिश्चित हो गई हैं या अपूर्ण है उसकी फोटो उपलब्ध कराने के निर्देश दिए । इस दौरान संबंधित अधिकारी ने स्वीकृति, पूर्ण और प्रगतिरत कार्यों की जानकारी दी । उन्होंने कहा कि सभी विभागीय लंबित एवं अपूर्ण कार्य समय पर पूर्ण करें और जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कार्य में लापरवाही बरतने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव प्रेषित करें। अधूरे सभी कार्यों की कार्ययोजना तैयार कर प्रगतिरत कार्यों के साप्ताहिक रिव्यू के निर्देश भी दिए।

### मनरेगा कार्यों की वर्षवार की समीक्षा

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतवार निर्माण कार्यों में मनरेगा के माध्यम से रोजगार देने की योजना तैयार करें। विगत वर्ष के लंबित व अपूर्ण कार्यों की वर्षवार जानकारी ली और कार्यों की मॉनीटरिंग सुनिश्चित कर आगामी दिए गए समय सीमा के भीतर कार्यों क्रो पूर्ण करने के लिए कहा । बैठक में उन्होंने मनरेगा के तहत जिले में स्वीकृत कार्यों की ब्लॉकवार समीक्षा की एवं जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गांरटी योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में तालाब, डबरी एवं कुंआ निर्माण तथा भूमि समतलीकरण के संबंध में प्राप्त आवेदनों के प्राथमिकता के साथ स्वीकृत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मार्च अंत तक कार्य योजना बनाकर निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए ।

### जल संरक्षण के कार्यों को दें प्राथमिकता

कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की भी समीक्षा की। इसी प्रकार जल संरक्षण के लिए किए जाने वाले मनरेगा के कार्यो को प्राथमिकता से संपन्न कराएं। कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा के तहत विकास कार्यों को प्राथमिकता दें । कलेक्टर ने कहा कि आगामी दिनों में ज्यादा से ज्यादा मनरेगा के कार्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि महिला श्रमिकों को भी मनरेगा के तहत रोजगार दें। नए स्वीकृत तालाब एवं पूर्ण एवं अपूर्ण स्थिति के तालाबों की विस्तृत समीक्षा की । इसके अलावा उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

# छतीसगढ़ महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम में नगर की बेटी कृपा अगलावे का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन अहमदाबाद (गुजरात) में दिनांक 11 से 14 जनवरी तक होने वाला है। इस प्रतियोगिता में छतीसगढ़ राज्य महिला अंडर 19 क्रिकेट टीम भाग लेगी। इसमे बेमेतरा जिले से कन्या स्कूल की छात्रा कृपा अगलावे का चयन हुआ है। यह बेमेतरा जिले के लिये गौरव की बात है। ज्ञात हो कि बेमेतरा जिले के क्रिकेट के कोच अविनाश अगलावे के मार्गदर्शन में क्रिकेट का अभ्यास किया और क्रिकेट की बारीकियों को सीखा। कृपा क्रिकेट कोच अविनाश की पुत्री हैं। विगत दिनों राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन गोरेला- पेंड्रा में हुआ। इस प्रतियोगिता में कृपा ने 9.4 ओवर में 9 विकेट लिया था। उसके इस बहेतरीन प्रर्दशन से कृपा अगलावे का चयन छतीसगढ़ टीम के लिये हुआ।उसके इस चयन के लिये बेमेतरा जिले के जिला शिक्षा अधिकारी अरविदं मिश्रा, डीएसओ उपेद्रं सैगंर, राजपूत सर, पांडे सर, साहू सर, झा सर कोशल सर और परिवार के सभी लोगों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

- शालेय क्रीड़ा महिला क्रिकेट प्रतियोगिता आज से अहमदाबाद में



### जंगल बचाने जन मुक्ति मोर्चा निकालेगा पदयात्रा

**दल्लीराजहरा।** जन मुक्ति मोर्चा छतीसगढ़ ने शुक्रवार को रायपुर महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने पद यात्रा करेगी। यह पदयात्रा 12 जनवरी को सुबह 06 बजे दल्लीराजहरा जन मुक्ति मोर्चा छतीसगढ़ के कृषि कार्यालय में एकत्रित होकर शहीद स्मारक पहुंच कर शहीदों को श्रद्धा शुमन अर्पित कर पद यात्रा का आरम्भ की जाएगी। यह पद यात्रा दल्ली राजहरा के मुख्य मार्ग शहीद वीर नारायण सिंग चौक से होकर गुप्ता चौक, नया बस स्टैंड शहीद शंकर गुहा नियोगी चौक का भ्रमण कर कुसुमकसा बालोद गुंडरदेही, दुर्ग भिलाई से होकर रायपुर पहुंचेगी। वहां, राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर इस पदयात्रा का समापन किया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस आयोजन की तैयारियों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बेसिक स्कूल मैदान पहुंचकर गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी की तैयारियों का जायजा लिया। उपस्थित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विगत गणतंत्र दिवस समारोह की भी जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने साफ-सफाई, साज-सज्जा, अतिथियों, मीडिया आदि के बैठक व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि बे-मौसम बारिश को देखते हुए गरिमा युक्त वॉटर वॉटरफ्रूप पंडाल हो इसका ध्यान रखा जाए। माइक, साउंड सिस्टम गुणवत्तापूर्ण हो, मुख्य अतिथि के आगमन द्वार, पार्किंग, स्टेज आदि भी देखी। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं-कार्यक्रमों एवं विभागीय गतिविधियों पर आधारित आकर्षक झांकी प्रदर्शित की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभाग समय रहते तैयारी पूरी कर लें। उन्होंने आमंत्रण पत्र, समारोह स्थल एवं नगर की साफ-सफाई मुख्य मंच की सजावट विद्युत एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था

▶▶| शेष पेज 11 पर



# धान उपार्जन केंद्र-स्वास्थ्य केंद्र के साथ तहसील कार्यालय का आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बुधवार को आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर बेमेतरा जिले के निरीक्षण पर थे । उनके द्वारा सर्वप्रथम धान उपार्जन केन्द्र नांदघाट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में धान विक्रय हेतु आसपास के आये हुए किसानों से बातचीत की गई। किसानों द्वारा समय पर धान विकय हेतु टोकन प्राप्त होना तथा धान विक्रय हेतु किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होना बताया गया। धान उपार्जन केन्द्र में सी.सी. टी.वी. कैमरा के संबंध में जायजा लिया गया। सी.सी. टी.वी. कैमरा चालू हालत में होना पाया गया। समिति प्रबंधक द्वारा बारदाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना तथा उपार्जित धान का उठाव समय पर होना बताया गया। धान की नमी को नमी मापक यंत्र से परीक्षण उपरांत ही खरीदी की जा रही है। धान खरीदी के संबंध में समिति प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

इसके पश्चात आयुक्त श्री राठौर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नांदघाट का भी औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान श्रीमती इंदिरा घृतलहरे आरएचओ उपस्थित मिले। स्वास्थ्य केन्द्र में कुल 11 स्टाफ कार्यरत हैं, जिनमें से 02 स्टाफ अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से पदस्थ हैं। आरएचओ के द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन ओपीडी में 40 से 50 मरीजों का उपचार किया जाता है। महीने में गर्भवती महिलाओं का 30 से 35 डिलीवरी स्वास्थ्य केन्द्र में किया जाना बताया गया। दवाई भण्डार कक्ष का निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दवाई पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना पाया गया तथा कोई भी दवाई वैधता तिथि के बाद का होना नहीं पाया गया। आईडी वेक्सिन को फ्रीजर में रखा जाना आरएचओ द्वारा बताया गया ।

▶▶| शेष पेज 11 पर



## कलेक्टर एवं एसपी ने ली ज़िला ट्रक चालक संघ के प्रतिनिधियों की बैठक

# हिट एंड रन कानून को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों पर न दें ध्यान : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बुधवार शाम कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में जिला ट्रक चालक संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने हिट एंड रन कानून के नए प्रावधानों के संबंध में फैलाई जा रही अफ़वाओं से बचने की अपील की है, वहीं इसके साथ उन्होंने छग ड्राइवर महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा छत्तीसगढ़ में ड्राइवरों की स्टेरिंग छोड़ो आंदोलन निरस्त करने की घोषणा की है और कहा कि जो लोग आपके साथ नहीं आये उन्हें भी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आपसी बातचीत और विचार-विमर्श के बाद ही यह क़ानून लागू होगा। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने हिट एंड रन कानून के नए प्रावधानों के संबंध में फैलाई जा रही अफ़वाओं से बचने की अपील की है।

- छग ड्राइवर महासंगठन ने स्टेरिंग छोड़ो आंदोलन किया रद्द



### दुर्घटनाओं को रोकने एसपी ने मांगे सुझाव

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि सड़क दुर्घटना कम करने में यदि कोई सुझाव हो तो वे यहां अपना सुझाव दे सकते हैं। एसपी ने कहा की जल्द ही आप सब के सहयोग से ट्रक चालकों का नेत्र परीक्षण कराया जायेगा। ज़रूरी दवाई भी निःशुल्क दी जाएगी। इसके अलावा यातायात नियमों, साइन बोर्ड आदि के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी चलाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह आप लोगों के साथ दूसरी बैठक है। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, एसडीएम सुश्री सुरुचि सिंह, एसडीओपी मनोज तिर्की सहित ज़िला ट्रक चालक संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# एटीएम में तोड़फोड़

**बालोद ।** ग्रामीणों को सुविधाएं मुहैया कराने ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित की गई एटीएम सुरक्षित नहीं हैं। शहरी क्षेत्रों में एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बैंकों के द्वारा गार्ड नियुक्त किये जाते हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा भगवान भरोसे है। जिले के अर्जुन्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरदी में स्थित सहकारी केंद्रीय बैंक के एटीएम में अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने की नियत से मशीन में तोड़फोड़ कर दी। हालांकि चोरी की घटना को अंजाम देने में चोर असफल रहे, लेकिन इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवालिया निशान खड़ा करता है।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### रामोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश रखने, बृजमोहन ने सीएम को लिखा पत्र



रायपुर। अयोध्या में होने वाले प्रभु राम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर छत्तीसगढ़ के धर्मस्व, संस्कृति और शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश दिए जाने का आग्रह किया है। अपने पत्र में श्री अग्रवाल ने कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। 22 जनवरी को उनकी जन्मस्थली अयोध्या में निर्मित भव्य श्रीराम मंदिर का भव्य लोकार्पण एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित हो रहा है, जिसे लेकर दुनियाभर के सनातनी हिंदू धर्मावलंबी हर्षित हैं।

### भाजपा ने किया कलस्टर के प्रभारियों का ऐलान

रायपुर। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने छत्तीसगढ़ को बस्तर, रायपुर और बिलासपुर तीन क्लस्टर में बांटा है, जिसमें विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। बस्तर क्लस्टर में बस्तर, कांकेर और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र को रखा गया है, जिसके लिए प्रदेश मुख्य प्रवक्ता, पूर्व मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर, पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विक्रम उसेंडी और यशवंत जैन को प्रभारी बनाया गया है। रायपुर क्लस्टर के तहत दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर और जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मूणत, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव और पूर्व रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष राजीव अग्रवाल प्रभारी बनाए गए हैं। बिलासपुर क्लस्टर में बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा और रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र को शामिल किया गया है, जिसके लिए पूर्व मंत्री व विधायक अमर अग्रवाल, पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा और कृष्णा राय को प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

### 54 कर्मचारियों को मिला समयमान वेतनमान

रायपुर। संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर तथा संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा के 54 कर्मचारियों को नई सरकार गठन के बाद वर्षों से लंबित समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया है। संचालक विवेक आचार्य ने बताया कि इनमें से 7 ऐसे कर्मचारी हैं, जो अधीनस्थ कार्यालयों में पदस्थ हैं। शेष संचालनालय में कार्यरत हैं। साथ ही इसका लाभ 5 सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों और 3 दिवंगत कर्मचारियों के लिए भी स्वीकृति प्रदान की गई।

### पाटन सदन पहुंचकर साय रमन, साव और किरण ने दी नंदकुमार बघेल को श्रद्धांजलि

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित पाटन सदन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री साय ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल एवं उनके परिजनों से भेंटकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और ईश्वर से उनके परिवारजनों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। वहीं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भी श्रद्धांजलि दी।

### मंत्रियों के निज स्थापना में नियुक्ति के आदेश जारी

रायपुर। नई सरकार के मंत्रियों के निज स्थापना में नियुक्त किए गए अधिकारियों के पदस्थापना के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन के निज पदस्थापना में रश्मि भारती तिवारी की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निजी पदस्थापना में आशुतोष पांडेय को विशेष सहायक, संजय कुमार मरकाम को ओएसडी और रमेश कुमार सिंह, सहायक ग्रेड 3 को पदस्थ किया गया है। वहीं मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निज स्थापना में मनोज शुक्ला, संतोष कुमार यदु को निज सहायक, प्रकाश चंद्र कोरी संयुक्त कलेक्टर कबीरधाम को विशेष सहायक और टीआर साहू को ओएसडी के पद पर पदस्थ किया गया है। मंत्री दयालदास बघेल की निज स्थापना में सौरभ श्रीवास्तव को निज सचिव के पद पर पदस्थ किया गया है।

# आधुनिकता की हवा में उड़ गए हमारे पारंपरिक परसा के दोना-पत्तल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

## थर्मोकोल और प्लास्टिक प्लेटों का बढ़ गया चलन







आधुनिकता की हवा वर्तमान समाज में इस कदम हावी हो रही है कि अब हमारी पुरानी परंपरा भी इसमें उड़ती नजर आ रही है। शादी-विवाह, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम अथवा सुख-दुख के कार्यों में आयोजित होने वाले भोज में अब पारंपरिक परसा पत्तल लगभग लुप्त होने को है। इसकी जगह अब प्लास्टिक और थर्मोकोल की प्लेट ने ले ली है। इसकी वजह से पांरपरिक रुप से दोना-पत्तल तैयार करने वाले परिवारों, कुटीर उद्योगों के समक्ष रोजी-रोटी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है। वर्तमान में अधिकांश शादी-विवाह एवं पार्टियों में देखा गया है की भोजन के लिए बुफे सिस्टम कर दिया गया है। पत्तल की जगह स्टील प्लेट, फाइबर और थर्मोकोल की प्लेट ने ले ली है। जिसे लेकर पत्तल का कार्य करने वाले लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट दिख रही हैं। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में आज भी पत्तल का ही चलन है। परंतु धीरे-धीरे पत्तल की प्राचीन परंपरा लुप्त होते जा रही है और उसकी जगह थर्माकोल ने ले लिया है। थर्मोकोल की प्लेट आ जाने से जहां पत्तल बनाने वाले लोग थे, अभी बेरोजगार होने लगे हैं। ब्लाक क्षेत्र में दर्जनों सहायता समूह पत्तल बनाने के कार्य में हैं। ब्लाक के विभिन्न ग्राम जैसे कि कुसुमकसा, धोबनी अ, धोबनी ब, भर्रीटोला 43, रजही, चिपरा, ध्रुवाटोला, सुवरबोड़, दानीटोला, भैंसबोड़, गुजरा, खल्लारी, चिखली, साल्हे, सिंघनवाही, टेकाढोड़ा, चिखलाकसा, धोबेदण्ड, बिटाल, अरमुरकसा सहित अंचल में पत्तल की मांग पहले से कम है। सभी प्रकार के समूह आज बेरोजगार होने की स्थिति में हैं।

## अब तक 92 लाख मीट्रिक टन से अधिक खरीदा गया

# खरीदी के आखिरी दौर में मची आपाधापी एक लाख से अधिक किसानों ने बेचा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कई जिलों में पांच से सात हजार किसानों ने बेचा



छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का निर्धारित समय खत्म होने के पहले राज्य के किसान अपना धान बेचने के लिए उमड़ पड़े हैं। मंगलवार को राज्यभर में एक लाख दो हजार से अधिक किसानों ने अपना धान बेचा है। इस दिन करीब सवा चार लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया है।

राज्य में पिछले साल 1 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के बाद अब धान बेचने के लिए 31 जनवरी तक का समय है। किसानों की ओर से धान खरीदी का समय बढ़ाने के मांग भी सामने आ रही है। ऐसी संभावना है कि यह तारीख बढ़ भी सकती है, लेकिन इससे पहले राज्य के किसान तेजी से धान बेचने के लिए आ रहे हैं। मंगलवार को एक लाख से अधिक किसानों का धान सोसाइटियों में आने से स्थिति स्पष्ट है।

### इन जिलों में सबसे अधिक किसानों ने बेचा धान

राज्य में मंगलवार को सबसे अधिक धान बेमेतरा जिले के किसानों ने बेचा है। इनकी संख्या 7 हजार 532 रही। इसके बाद के क्रम में बलौदाबाजार में 7 हजार 300 किसानों ने धान बेचा। बिलासपुर में 5 हजार 149, जांजगीर चांपा में 5 हजार 265, मुंगेली में 5 हजार 145, सक्ती में 5 हजार 246, कवर्धा 5 हजार 135, महासमुंद 5 हजार 535, रायपुर में 4 हजार 983, सांरगढ़ बिलाईगढ़ 3 हजार 685, दुर्ग 4 हजार 393 राजनांदगांव 4 हजार 131, घमतरी 3 हजार 864, बालोद 4 हजार 958 किसानों ने धान बेचा है।

### तेजी की वजह ये भी

राज्य में धान खरीदी के अंतिम दिनों में तेजी की वजह ये भी बताई जा रही है कि खाद्य विभाग के निर्देश पर समय सीमा में धान खरीदी पूरी करने के लिए पहले से अधिक संख्या में किसानों को टोकन जारी किए जा रहे हैं। इससे पहले कम संख्या में टोकन दिए जा रहे थे। दूसरी वजह ये भी है कि मैदानी क्षेत्र के कई जिलों में धान की देर से पकने वाली किस्म की बुवाई की गई थी। यह धान अब बिकने के लिए आ रहा है। इसके साथ ही अधिक मात्रा में धान आने की वजह ये भी है कि पूर्व में प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान लिया जा रहा था। भाजपा सरकार आने के बाद 21 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। राज्य में अब तक 92 लाख 38 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है।

# वार्डवार मकानों का बनाएं नक्शा, मकान दुकान, नल कनेक्शन का हो डाटा अपडेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास बातें**
- रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश
- 20 वार्ड में विकास कार्य के प्रगति की समीक्षा

शहर के 70 वार्डों में वार्डवार नक्शा तैयार होगा, जिसमें मकानों, दुकानों के साथ नल कनेक्शन सहित आवश्यक जानकारी से संबंधित डाटा अपडेट होगा। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने मंगलवार को समीक्षा बैठक में इस आशय के निर्देश दिए।

श्री मूणत ने चौबे कालोनी स्थित अपने निवास में पश्चिम क्षेत्र के 20 वार्डों में केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति जानने रायपुर नगर निगम और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा, विकास कार्यों में गुणवत्ता का खास ध्यान रखें। स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, वेंडिंग जोन विकास योजना, अमृत मिशन के तहत करवाये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। बैठक के दौरान राजेश मूणत ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के संदर्भ में जल्द योजनाओं का पावर प्रेजेंटेशन देकर विस्तृत समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए। निगम के अधिकारियों और जोन कमिश्नरों को उन्होंने हिदायत दी, विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में ही पूरा कराएं।

समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, रायपुर स्मार्ट सिटी के सीओओ उज्ज्वल पोरवाल, नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, रायपुर स्मार्ट सिटी के अधीक्षण अभियंता बीआर अग्रवाल, पंकज कुमार पंचाइती, सभी जोन के कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता, जोन स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# खाद्यमंत्री का आदेश- 10 फरवरी तक खरीदी केंद्रों से करें धान का उठाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


खरीद केंद्रों से संग्रहण केंद्रों में नहीं जा रहा है धान
धान खरीद केंद्रों में लगा ढेर, परिवहन धीमा उठाव तेजी से नहीं हुआ तो खरीदी होगी प्रभावित

खबर का असर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का उठाव 10 फरवरी तक करने का आदेश खाद्यमंत्री दयालदास बघेल ने जारी किया है। हरिभूमि ने सोमवार को प्रमुखता से प्रकाशित खबर में जानकारी दी थी कि प्रदेश के सैकड़ों धान उपार्जन केंद्रों में धान बफर लिमिट के पार हो गया है, लेकिन धान का उठाव नहीं किया जा रहा है।

### खाद्यमंत्री ने दिया आदेश

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री दयालदास बघेल ने मंगलावर को बेमेतरा के कलेक्टोरेट सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित शासन की कल्याणकारी योजनाओं और विकास गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में 10 फरवरी तक धान का उठाव करना सुनिश्चित करें।

### खरीदी केंद्रों में भारी मात्रा में जमा है धान

राज्य के विभिन्न जिलों में धान खरीदी के लिए 2 हजार 739 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से सैकड़ों की संख्या में ऐसे केंद्र हैं, जहां धान की नियमित खरीदी के बाद धान का उठाव नहीं हो पा रहा है। यही वजह है कि खरीदी केंद्रों में धान रखने की बफर लिमिट पार हो चुकी है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अगर समय पर धान का उठाव नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में धान खरीदी प्रभावित हो सकती है। वजह ये है कि सोसाइटियों में धान रखने के लिए जगह नहीं बच रही है। एक दिन पहले तक की स्थिति में केवल तीन जिलों से धान संग्रहण केंद्रों को भेजा गया है। बाकी के 30 जिलों में खरीदा गया धान अब तक खरीदी केंद्रों में ही रखा गया है। हालांकि इन केंद्रों से धान मिलरों को दिया जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी प्र्याप्त मात्रा में धान का नियमित उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्रों में भारी मात्रा में धान जमा है।

# लोकसभा के साथ हर विधानसभा में चुनाव के लिए प्रभारी बनाने की भाजपा की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब लोकसभा चुनाव में भाजपा की सभी 11 सीटें जीतने की तैयारी है। इसको लेकर लगातार बैठकों में रणनीति बन रही है। जल्द ही हर लोकसभा के साथ हर विधानसभा में प्रभारी बनाए जाएंगे। कमजोर सीटों पर बड़ा फोकस रहेगा और इसको मजबूत करने का जिम्मा प्रदेश के मंत्रियों के साथ विधायकों को सौंपे जाने की संभावना है। इसी के साथ पार्टी के पदाधिकारियों को भी बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। हर लोकसभा के लिए प्रभारियों के साथ एक पूरी टीम काम करेगी।

लोकसभा की तैयारी को लेकर दिल्ली में हुई राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक के बाद प्रदेश में भी एक बड़ी बैठक पांच जनवरी को हो चुकी है। इसमें बड़ी रणनीति बनाई गई है। अब लगातार संभागों के सम्मेलन के साथ संभागों में बैठकों का भी दौर चल रहा है। भाजपा इस बार हर हाल में सभी सीटें जीतना चाहती है। इसको लेकर केंद्रीय नेतृत्व ने रणनीति भी तैयार कर ली है। इसका रोडमैप तैयार करके प्रदेश भाजपा संगठन को दिया गया है। इस पर प्रदेश संगठन की बैठक में चर्चा भी हो चुकी है। राष्ट्रीय नेतृत्व ने अब लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेशाध्यक्ष का जिम्मा जगदलपुर के विधायक किरण देव को दिया है। इसी के साथ जल्द ही प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी में बदलाव किया जाने वाला है।

### इनको मिलेगा बड़ा जिम्मा

भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने तय किया है कि हर लोकसभा के लिए प्रदेश के मंत्रियों को भी बड़ा जिम्मा दिया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि प्रदेश के एक-एक मंत्री को एक-एक लोकसभा का प्रभार सौंपा जा सकता है। इसी के साथ हर लोकसभा की विधानसभाओं के लिए भी प्रभारी बनाए जाएंगे। विधानसभा में प्रभार विधायकों को देने की तैयारी है। जहां पर भाजपा के विधायक नहीं हैं, वहां पर प्रदेश के पदाधिकारियों, पूर्व सांसदों, विधायकों को भी जिम्मा दिया जा सकता है। प्रभारियों की पूरी सूची बनाने का काम चल रहा है। पूरी सूची तैयार करके राष्ट्रीय नेतृत्व से इसकी मंजूरी लेकर प्रभारी घोषित किए जाएंगे। प्रभारियों की एक पूरी टीम भी बनेगी। इन टीमों की लगातार राष्ट्रीय नेताओं के साथ मार्गदर्शन के लिए बैठकें भी होंगी।

### कमजोर सीटों पर फोकस

भाजपा का बड़ा फोकस कमजोर सीटों पर है। कमजोर सीटों की पहचान भी कर ली गई है। इसके लिए पैमाना यह तय किया गया है कि विधानसभा चुनाव में जिन लोकसभा की विधानसभाओं में जीत नहीं मिली है और जहां पर प्रदर्शन कमजोर रहा है, उन सीटों पर पूरा फोकस करके उनको मजबूत करने का काम किया जाएगा। इसी के साथ ऐसी लोकसभा सीटों पर सांसदों का बदला जाना भी तय है।

## 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान का भुगतान कब होगा : कांग्रेस

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि तत्काल जारी करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त के भुगतान के संबंध में दिये गये बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, यह किसानों का अधिकार है, इसका भुगतान तत्काल किया जाना चाहिये। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीन किस्तों का भुगतान किया जा चुका है और चौथी किस्त के भुगतान का प्रावधान बजट में किया गया है, लेकिन भाजपा नेता दुर्भावनापूर्वक जनकल्याणकारी योजनाएं साल खत्म होने से पूर्व ही बंद करने का षड़यंत्र रच रहे हैं। भाजपा नेता यह स्पष्ट करें कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त छत्तीसगढ़ के किसानों को कब मिलेगी या उसे भी हड़पने की मंशा है?

उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी के नाम पर 3100 रुपए प्रति क्विंटल एकमुश्त देने का वादा करके सत्ता में बैठे भाजपा के नेता यह बताएं कि एमएसपी और अंतर की राशि छत्तीसगढ़ के किसानों को कब मिलेगी? किसानों द्वारा लिया गया कर्ज लिंकिंग के माध्यम से शत-प्रतिशत वसूला जा रहा है, लेकिन किसानों को भुगतान केवल 2183 रुपए प्रति क्विंटल की दर से ही हो रहा है। आखिर किसानों के हक और अधिकारों पर कब तक डकैती डालते रहेंगे भाजपाई? उन्होंने कहा, आदतन किसान विरोधी भाजपाई चुनाव जीतते ही वादाखिलाफी पर उतर आए हैं। डिप्टी सीएम विजय शर्मा व भाजपा प्रत्याशी चुनाव प्रचार के दौरान छत्तीसगढ़ के सभी किसानों का 2 लाख तक का कर्ज माफ करने का वादा करते दिखे, लेकिन सरकार बनते ही भाजपा नेताओं ने यू टर्न ले लिया। धान और किसान का विषय भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के लिए केवल चुनावी है, चुनाव खत्म मुद्दा खत्म। आदतन वादाखिलाफी करने वाले भाजपाई अब छत्तीसगढ़ के किसानों के प्रति अपने दायित्व से भाग रहे हैं।

# लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की सात समितियों का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश भाजपा संगठन ने लोकसभा चुनाव के लिए सात समितियों का ऐलान मंगलवार को किया है। नव सदस्यता अभियान का संयोजक अजय चंद्राकर को बनाया गया है। श्री राम मंदिर दर्शन समिति का संयोजक धरमलाल कौशिक को बनाया गया है। इसी तरह से अन्य समितियों के भी संयोजक और सहसंयोजक बनाए गए हैं।

नव सदस्यता अभियान समिति का संयोजक अजय चंद्राकर, सह संयोजक रामसेवक पैकरा, प्रदीप गांधी व महेश गागड़ा। महिला स्वसहायता समूह और गैर सरकारी संस्था संपर्क अभियान समिति का संयोजक प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, सह संयोजक शालिनी राजपूत, लक्ष्मी राजवाड़े, भावना बोहरा व किशोर महानंद। दीवार लेखन और होर्डिंग्स समिति का संयोजक अनुराग सिंहदेव, सह संयोजक अमित साहू, विक्रांत सिंह, रितेश गुप्ता, टिकेश्वर जैन व उपकार चंद्राकर। गांव चलो अभियान समिति का संयोजक नारायण चंदेल, सह संयोजक मोतीलाल साहू, गोमती साय व भरत मटियार। श्री राम मंदिर दर्शन समिति का संयोजक धरमलाल कौशिक, सह संयोजक लक्ष्मी वर्मा, वीरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. ललित मखीजा व रामलखन पैंकरा। बूथ सशक्तीकरण अभियान का संयोजक संजय श्रीवास्तव, सह संयोजक अवधेश चंदेल। पीएम विश्वकर्मा योजना समिति का संयोजक पी. विश्वनाथन सह संयोजक प्रदीप सिंह व पुरुषोत्तम देवांगन। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया, भाजपा मोर्चा-प्रकोष्ठों की बैठक में लगातार आगामी कार्ययोजना के बारे में चर्चा हो रही है और आगामी लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में अहम जिम्मेदारी सौंपकर लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ जुटने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# निर्वाचन कार्य को गंभीरता से करें, नाम जोड़ने लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने अफसरों की बैठक लेकर साफतौर पर कहा है कि निर्वाचन के कार्यो को गंभीरता से किया जाए। उन्होने इस कार्य में लगे कर्मचारियों को बारिकी से जानकारी भी दी है। साथ ही उन्होने राजस्व प्रकरण में तेजी लाने और शिविर में नाम जोडने के लिए डोर टू डोर अभियान चलाने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने संक्षिप्त पुरीक्षण कार्यक्रम, स्वीप कार्यक्रम, धान खरीदी, राजस्व प्रकरणों की निराकरण, विकसित भारत संकल्प यात्रा, समय-सीमा प्रकरण, जन चौपाल एवं सारथी एप में प्राप्त आवेदन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि, जिले में निर्वाचन नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम समयबद्ध प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार पूर्ण किया जाए। मतदाता का नाम अलग-अलग मतदान केन्द्र की सूची में नहीं होना चाहिए। सभी ईआरओ मतदाता सूची में जनसांख्यिकी सामान प्रविष्टियों और फोटो सामान प्रविष्टियों को सौपने और निर्धारित करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया से भली-भांति अवगत हो। उन्होंने कहा कि सभी तहसीलदार संबंधित बी.एल.ओ. की बैठक लेकर ई-मतदाता पहचान पत्र से अवगत कराये। मतदाता सूची पुरीक्षण हेतु बी.एल.ओ. को डोर-टू-डोर जाना जरूरी है।

## मतदाता सूची में वीआईपी वोटरों के नाम भी जोड़े जाएं

### नए मतदाताओं को जोड़ने करेंगे पहल

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि 13 एवं 14 जनवरी को विशेष अभियान दिवस के तहत विशेष शिविर आयोजित किया जाए। इस शिविर में व्हीआईपी वोटर जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, इनका नाम जुड़वाने हेतु विशेष प्रयास किया जाए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को हाईस्कूल के सभी प्रचार्यों का बैठक लेकर एक जनवरी की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों का मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, आवश्यक पहल करने कहा।





### किसान धान बेचने से वंचित न हों

धान खरीदी उपरांत मिलर्स द्वारा धान उठाव पर जोर दिया जाए। जिले में 74 प्रतिशत किसान धान बेच चुके हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्धारित अवधि तक जिले के सभी किसान अपना धान बेच सकें। कलेक्टर ने कहा कि वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 अंतर्गत धान बिक्री करने वाले किसान बोनस राशि से वंचित न होने पाये। तहसीलवार खाता सत्यापन समय-सीमा में कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा के भीतर करने के निर्देश दिये।

## खबर संक्षेप



### विवि के तीन खिलाड़ियों ने बनाया स्थान

**दुर्ग।** हेमचंद् यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की जुडो पुरुष टीम ने नार्थ ईस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी जुडो चैंपियनशिप में भाग लिया। जिसमें विश्विद्यालय के 3 खिलाड़ी राज सिंग 100 किग्रा 16 रैंक, सुधीर चौहान 100 किग्रा 16 रैंक व योगेंद्र साहू 81 किग्रा 7 रैंक में अपना पोजिशन बनाया। स्पर्धा का आयोजन छत्रपति साहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर में आयोजित की गई। खिलाड़ियों का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए हुआ है। आगामी समय मे ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप का आयोजन भी छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर में ही होगा। यह जानकरी देते खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव ने बताया कि भिलाई के जुडो क्लब मे ट्रेनिंग कैंप लगाकर टीम को रवाना किया गया है। यह टीम ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में भाग लेने वाली हेमचंद् यादव विश्वविद्यालय की 8 वीं टीम होगी। टीम के मैनेजर विकास सेशपाल, एम जे कॉलेज जुनवानी एवं राहुल कुमार कोच भिलाई से है।

### दस दिवसीय शांति अनुभूति शिविर शुरू



**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आनंद सरोवर द्वारा मानस वाटिका शक्तिनगर में 7 जनवरी से 16 जनवरी तक दस दिवस शांति अनुभूति शिविर एवं खुशनुमा जीवन शैली का आयोजन किया गया है। इस संबंध में संचालिका रीटा बहन ने बताया इस धरा पर वर्तमान समय निराकार परमपिता परमात्मा शिव का अवतरण हुआ है वे सभी मनुष्य आत्माओं को जागृत करने का कार्य हम बहनों द्वारा करा रहे हैं। हम स्वयं एवं परमात्मा का सत्य परिचय जानकर उनसे संबंध जोड़कर जीवन को सुख-शांति संपन्न बना सकते है इसलिए यह आयोजन किया गया है । कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर देवनारायण चंद्राकर पार्षद कादंबरी नगर, राजेश अग्रवाल, पार्षद निर्मला साहू, बसंत मोदी सम्मिलित हुए ब्रह्माकुमारी भुनेश्वरी बहन ने सभी को चित्रों के माध्यम से आत्मा परमात्मा इत्यादि का परिचय दिया। ब्रह्माकुमारी खुशबू बहन ने राजयोग मेडिटेशन कमेंट्री के द्वारा सभी को शांति की अनुभूति कराई। मंच संचालन दाऊ भाई ने किया ।

### ठेठवार समाज का वार्षिक अधिवेशन फरवरी में

**दुर्ग।** जिला ठेठवार यादव समाज दुर्ग नगर की बैठक ठेठवार यादव सामुदायिक भवन राजीव नगर में हुई। बैठक में 04 फरवरी को वार्षिक अधिवेशन व पारिवारिक मिलन सम्मान समारोह किए जाने की चर्चा की गई। वार्षिक अधिवेशन के मुख्य अतिथि शहर विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा भुनेश्वर यादव, सभापति राजेश यादव आदि रहेंगे। अधिवेशन ठेठवार यादव समुदायिक भवन राजीव नगर में किया जाएगा ।

## पुलिस चला रही है अभियान: चार वर्षों में जिले में नाबालिगों ने किए 697 अपराध

# महंगे शौक और फिजूलखर्ची ने बना दिया बचपन में ही अपराधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

महंगे शौक व खर्च बढ़ने से नाबालिग अपराधी बनने मजबूर हो रहें है। जिले की पुलिस ने नाबालिगो द्वारा हत्या, अनाचार, अपहरण और समेत कई गंभीर अपराधों में चार वर्षो में 697 प्रकरण दर्ज किए गए है। इस दौरान 924 बालक और 25 बालिकाओं ने अपराध को अपना साथी बना लिया।

अचानक इतने भारी मात्रा में नाबालिगों के द्वारा अपराध करने पर समाज और पुलिस के लिए चिंता बढ़ा दी है। पढ़ने लिखने की उम्र में नाबालिग अपराध जगत में कदम रखने से एजुकेशन हब अपराधों का गढ़ बनते जा रहा है। गर्लफ्रेंड के महंगे शौक पूरा करने और मौज मस्ती के लिए बालक बालिका घटना को अंजाम दे रहे हैं। पेशेवर अपराधी इन्हें अपराध की ट्रेनिंग दे रहे हैं। चोरी चमारी से शुरुआत कर अब हत्या लूट जैसी संगीन वारदात कोअंजाम देने में नबालिग परहेज नहीं कर रहें है। नाबालिगों द्वारा गिरोह बनाकर वारदात की घटनाएं तेजी से बढ़ने से उनके भविष्य को लेकर कोई भी सजग नहीं है। इसमें पालको का भी बड़ा योगदान रहता है। बच्चों को कई पालकगण मंहगी बाइक, मोबाइल खरीदकर शौक पूरा करने दिया दिया जा रहा है। घर पर जब उनकी जरूरतें पूरी नहीं होती तब नाबालिग अपराध जगत में पैर पसार लेते हैं। मोबाइल और इंटरनेट इनका बड़ा साधन है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### बालकों ने कुल 924 तो बालिका ने किए सिर्फ 25 अपराध



### पारिवारिक कलह भी बड़ी वजह

भिलाई दुर्ग में कई ऐसे परिवार भी निवासरत है जहां परिवारों में किसी न किसी बात को लेकर घर में कलह होती है। इसे लेकर भी पालक अपने बच्चो पर ध्यान नहीं दिया करते हैं। इसके बाद से बच्चे पढ़ाई लिखाई करना छोड़ अपराध की ओर रुख करने लगते हैं। माता-पिता की भागदौड़ की जिंदगी में बच्चों को सही मार्गदर्शन नहीं मिलता है। यह एकल परिवार में ज्यादा देखने को मिलता। इसका फायदा उठाकर बच्चे फिल्म के हीरो या फिर किसी दोस्त को अपना आईडल मानकर उसी की तरह दिखने के चक्कर में वारदात को अंजाम दिया करते है।

### नशा भी बड़ा कारण है

ट्विनसिटी में नशा का बड़ा कारोबार जिले में चल रहा है। जिसे रोकने में पुलिस जुटी हुई है लेकिन यह कारोबार बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। नाबालिग नशे के बाद अपराध अच्छा या फिर गलत उनकी समझ से बाहर हो जाती है। जिसका असर नाबालिग के अपराधों के आंकडों से दिखने लगा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में 12 से 17 वर्ष तक के बालक बालिकाएं अपराध की गिरफ्त में आ रहे हैं।

| वर्ष | अपराध | बालक | बालिका |
|---|---|---|---|
| 2020 | 183 | 225 | 2 |
| 2021 | 180 | 254 | 7 |
| 2022 | 203 | 238 | 4 |
| 2023 | 131 | 207 | 2 |

### ऐसे बिगड़ा नाबालिगों का बचपन

**केस 1:** 32 बंगला के पास से तीन अपचारी बाइक पर थे। तीनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। वही हत्या के मामले में बरी एक आपचारी बालक में तैश में आकर अपने ही दोस्त पर लाठी से हमला कर दिया।

**केस 2:** वर्ष मार्च 2019 में चोरी व लूट के मामलों में पुलिस ने 6 आरोपी समेत तीन नाबालिग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**केस 3:** रुआबांधा में हुए अजय हत्याकांड में आरोपी समेत नाबालिग मिलकर घटना को अंजाम दिया था।

**केस 4:** सन्नी सरदार पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपियों में भी दो नाबालिग शामिल थे।

### पालकों को जागरुक होना पड़ेगा



“बाल अपराधों में कमी लाने के लिए पालकों को जागरुक होना पड़ेगा। बालक बालिकाओं के हर एक्टीवीटी पर ध्यान देना आवश्यक है। पुलिस हमेशा जागरुक अभियान चलाती आई है।बालको से पालक दोस्त बनकर ही साथ रहें।

-अभिषेक झा, एएसपी

# अतिरिक्त तहसीलदार ने पेड़ के नीचे लगाई जन चौपाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा आज समय सीमा बैठक में जन सामान्य की राजस्व सहित विभिन्न प्रकार की मांगों, समस्याओं को गंभीरता से लेकर निराकरण किए जाने के निर्देश मिलते ही तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने एसडीएम मुकेश रावटे के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत करंजा भिलाई का दौरा किया। दौरे के समय ग्रामवासियों ने अपनी राजस्व दस्तावेज संबंधी समस्या बताए जाने पर आम जनता को सुनने और समाधान करने उसी स्थान में पेड़ के नीचे बैठ गए। कोटवार के माध्यम से मुनादी करवाकर जन चौपाल लगाया और लोगों को मांगो समस्याओं को गंभीरता से सुना।

जन चौपाल के दौरान जनपद के मुख्यकार्यपालन अधिकारी शैलेश भगत ने भी लोगों की आम समस्या सुनकर उसका समाधान किया। जन चौपाल में उपस्थित लोगो से चर्चा की। खाता धारक मन्नू लाल पिता तुलसी साहू ने अपनी जमीन के फौती नामांतरण, चिमन लाल ने नक्शा काटने, प्रभा प्रसाद ने डुप्लीकेट किसान किताब दिलाने समक्ष में आवेदन किया। जिस पर फौरी कार्यवाही करते हुए मौके पर ही डुप्लीकेट किसान किताब देने, नक्शा काटने का आदेश दिया गया। फौती नामांतरण हेतु तुरंत समाधान किया गया।

जन चौपाल में स्वामित्व योजना, भुइयां सॉफ्टवेयर में अभिलेख दुरुस्ती हेतु मोबाइल नंबर, आधार नंबर प्रविष्टि कराने के लाभ की जानकारी दी गई। प्रधान मंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, धान बोनस वितरण से छूटे हितग्राहियों के खातों को अपडेट करने संबंधी आम लोगो से चर्चा, कर कृषि विभाग, सेवा सहकारी समिति एवं पटवारी को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### निर्वाचक नामावली से कराया अवगत

तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने उपस्थित लोगों को 6 जनवरी से चल रहे निर्वाचक नामावली को शुद्ध रखने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की जानकारी देते हुए मतदाता सूची को अद्यतन रखने नाम जोड़ने, काटने, संशोधन करने, स्थांतरित करने की कार्यवाही से अवगत कराया। जन चौपाल के दौरान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जागेश्वरी, पटवारी श्रीमती ज्योति राजपूत, सरपंच अशोक साहू, पंचायत सचिव रमेश सिन्हा, कोटवार सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री की परीक्षा पे चर्चा में शामिल होने विद्यार्थियों को देने होंगे 5 सवालों के जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- इसी माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होगा कार्यक्रम
- कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी होंगे शामिल
- शिक्षक तथा अभिभावक करा सकते हैं नामांकन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी तनाव से दूर रखने हेतु सत्र 2023-24 हेतु लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' का सप्तम चरण जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। यह कार्यक्रम कक्षा 6वीं से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अविभावकों को ऑनलाइन नामांकन के बाद प्रधानमंत्री से संवाद का अवसर प्रदान करता है। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में समस्त नामांकित प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रेषित किया जाएगा। विद्यार्थियों का नामांकन समूह में शिक्षकों द्वारा भी किया जा सकता है। नामांकन की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2024 है।

**पांच प्रश्नों का उत्तर देकर कराएं नामांकन :** 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी, शिक्षक तथा अभिभावक इस कार्यकम में 05 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर देकर अपना नामांकन करा सकते हैं। इसके लिए वेबसाईट लिंक https://innovatei ndia.mygov.in/ppc-2024/ के माध्यम से नामांकन कर सकते हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रधानमंत्री द्वारा लिखित पुस्तक एक्जाम वारियर व सामान्य ज्ञान पर आधारित होंगे। नामांकन के साथ-साथ विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक प्रधानमंत्री से अपने पूछे जाने वाले प्रश्न भी प्रेषित कर सकते हैं। चयनित प्रश्नों का उत्तर प्रधानमंत्री द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' पर आयोजित जीवंत कार्यक्रम में दिया जाएगा।

### कलेक्टर ने डीईओ को दिया निर्देश

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिला शिक्षा के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिले में सभी विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का शत-प्रतिशत नामांकन करवाएं। विद्यार्थियों का नामांकन समूह में शिक्षकों द्वारा भी किया जा सकता है। नामांकन कार्य में व्यवसायिक शिक्षा के प्रशिक्षकों और आईसीटी के डिजी मित्रों का भी सहयोग लिया जा सकता है। कोचिंग कक्षाओं के प्रतिभागियों का नामांकन सुनिश्चित कराया जाए।

### ऐसे करें अपना पंजीयन

परीक्षा पे चर्चा हेतु रजिस्ट्रेशन हेतु छात्रों को अधिकारिक वेबसाईट HYPERLINK /"http://innovateindia.mygov.in/"innovateindia.mygov.in पर जाना होगा। अगली पेज पर नोटिफिकेशन लिंक पर क्लिक करें, जिसमें लिखा है। इसके बाद परीक्षा पे चर्चा-2024 के लिंक पर जाना होगा। यहां एक नई विन्डो पर रीडायरेक्ट करेगा, नीचे स्क्रॉल करें और भाग लें अनुभाग के अंतर्गत 'छात्र (स्वयं भागीदारी)' पर क्लिक करें। रजिस्ट्रेशन हेतु अपनी प्राथमिक जानकारी नाम, मोबाइल, ई-मेल आदि दर्ज करें। इसी प्रकार शिक्षक, शिक्षक के माध्यम से विद्यार्थी व अभिभावक भी भाग ले सकते है। फिर दूसरा वेब पेज आयेगा वहां अपने मोबाइल नम्बर या ई-मेल आईडी से लॉगइन करें। आवेदन पत्र भरें और जमा कर सकते है।

### प्रचार-प्रसार के लिए तारीखवार वार्डों में शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 56 बघेरा के निकट पूर्व माध्यमिक शाला बघेरा में ईवीएम वीवी पैट मशीन का प्रचार प्रसार हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे मास्टर ट्रेनर संजय कुमार राजपूत द्वारा शिविर के आयोजन में वार्ड के 21 मतदाताओं को मतदान करने ईवीएम मशीन के बारे में जानकारी दी। बता दे कि ईवीएम वीवी पैट मशीन का व्यापक प्रचार-प्रसार का तिथिवार शहर के 60 वार्डो में 9 जनवरी से 11 मार्च तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए शिविरों में अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। इसी प्रकार 10 जनवरी को वार्ड 1 में शासकीय पूर्व मा शाला पंचशील नगर व शासकीय प्राथमिक शाला नया पारा में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## पेज 9 के शेष

### धान उपार्जन केंद्र ...

कु. ज्योति साहू एवं कु मोनिका जांगड़े लाइवलीहुड कॉलेज बिल्हा से जीडीए नर्सिंग का प्रशिक्षण तीन माह का प्राप्त किया है, उनके द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दवाईयों की जानकारी ली जा रही हैं आरएचओ द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा निःशुल्क कार्य किया जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नांदघाट के उपस्थित पंजी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. राहुल राज एएम एमटीपी ट्रेनिंग में गये हैं। श्री विनोद कुर्रे, आईआरएमए , श्री गनोज जोगवंशी, सहा. ग्रेड-3, श्री भुनेश्वर देवांगन जेएसए , श्री अजीत कुर्रे, ओएओ श्री जी.के. साहू एमपीएस ड्यूटी लगने के कारण संकल्प भारत यात्रा में ग्राम कुंरा जाना बताया गया। परमेश्वरी वर्मा स्टॉफ नर्स नाईट ड्यूटी में रही है। आशु साहू एएनएम मातृत्व अवकाश पर होना बताया गया। इस दौरान आयुक्त द्वारा अस्पताल परिसर को साफ सुथरा रखे जाने आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।इसके पश्चात आयुक्त दुर्ग संभाग द्वारा तहसील कार्यालय नांदघाट का औचक निरीक्षण किया गया तथा समयसीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण किए जाने तथा लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से समयसीमा में आवेदकों को जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र प्रदान कराये जाने हेतु तहसीलदार नांदघाट को निर्देशित किया गया एवं नवीन तहसील कार्यालय भवन हेतु प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नवागढ़ को निर्देशित किया गया कि आगामी लोक सभा निर्वाचन से संबंधित कार्य समयसीमा में पूर्ण करावे तथा हल्का पटवारी को मुख्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान युगल किशोर उर्वशा, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नवागढ़ एवं प्रकाश यादव तहसीलदार नांदघाट एवं प्रांजल प्रजापति नायब तहसीलदार नांदघाट उपस्थित थे ।

### गणतंत्र दिवस ...

पेयजल, गुब्बारे, प्रशस्ति पत्र इत्यादि व्यवस्था सम्बन्धी दायित्व एवं आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। वहीं विभागीय उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन हेतु सम्मानित किये जाने वाले अधिकारियों.कर्मचारियों के नाम प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर परए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, एसडीएम सुश्री सुरुचि सिंह, संयुक्त कलेक्टर उमाशंकर बंदे, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्मल सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## रविशंकर स्टेडियम में आयोजित होगा मुख्य समारोह

# गणतंत्र दिवस पर होंगे सांस्कृतिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- कलेक्टर ने अफसरों को दी जिम्मेदारी

प्रतिवर्ष की भांति गणतंत्र दिवस 26 जनवरी का आयोजन जिले में गरिमामयी एवं के साथ जिला मुख्यालय स्थित रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः नौ बजे से किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा।



गणतंत्र दिवस के आयोजन के लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने अधिकारियों की बैठक में विभागवार जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने परेड की रिहर्सल प्रारंभ करने निर्देशित किया है। जिला आरक्षक बल, विशेष बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, होमगार्ड द्वारा परेड में शामिल होंगे। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए समिति बनाने तथा जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयारी प्रारंभ करने कहा है। कार्यक्रम स्थल में बेरिकेटिंग एवं बैठक व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग को, साफ सफाई, पेयजल, शौचालय सहित शामियाना, कुर्सियां, लाउडस्पीकर आदि की व्यवस्था के लिए नगर निगम दुर्ग रिसाली को, विशिष्ट अतिथियों के लिए आवश्यक व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग को, कार्यक्रम स्थल में चबूतरा निर्माण, झण्डे आदि की व्यवस्था के लिए लोक निर्माण व रक्षित निरीक्षक को जिम्मेदारी दी है।

### होगी आकर्षक सजावट और रंगरोगन

मंच सजावट के लिए उद्यानिकी विभाग को, विद्युत कनेक्शन, जनरेटर आदि की व्यवस्था के लिए नगर निगम एवं विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग को, सम्मानीय अतिथियों की बैठक व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ध्वजारोहण पश्चात रंग बिरंगी गुब्बारे आसमान में छोड़ने के लिए उद्योग विभाग को दायित्व दिए गए हैं। मुख्य अतिथि का परेड निरीक्षण के लिए वाहन व्यवस्था हेतु पुलिस विभाग को, मुख्यमंत्री का संदेश वाचन के लिए पुस्तिका की व्यवस्था के लिए जनसंपर्क विभाग को, कार्यक्रम स्थल में उद्घोषक के लिए शिक्षा, पर्यावरण एवं अदिवासी विकास विभाग को जिम्मेदारी दी गई है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### 22 को निकलेगी भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा

**बेमेतरा/बेरला।** ग्राम हसदा में श्रीधाम अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव आयोजन को लेकर मां महामाया मंदिर समिति की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें 22 जनवरी को भव्य कलश एवं शोभा यात्रा अयोध्या धाम से पहुंचे अच्छत पुष्प वितरण तथा आंचलिक मानस महोत्सव मनाए जाने का निर्णय लिया गया। और संध्या कालीन प्रभु राम की महाआरती के साथ विशाल भोग भंडारा कर आयोजन की पूर्णाहुति का संकल्प समिति द्वारा लिया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष भगवती परगनीहा, तुलाराम पाल, दिनेश वर्मा, भोला पाल, जनकु सिन्हा, नारांतक पाल, अमित प्रगनीहा, प्रकाश वर्मा, आनंद सिन्हा, शत्रुहन पाल, देवलाल सिन्हा, दिनेश सिन्हा, अनिल वर्मा, दुर्गेश वर्मा, अवध नायक, भूपेंद्र वर्मा, भुपपु वर्मा, धनेश्वर साहू, मदन सिन्हा, हरीराम साहू, ब्रम्हानंद वर्मा, राजू साहू, आदित्य वर्मा, लक्ष्मी नाथ वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे ।

### दरगहन में कबड्डी प्रतियोगिता शीघ्र

**गुरुर।** ग्राम दरगहन में जय राजाराव बाबा कबड्डी क्लब द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 3001 रुपए रखा गया है। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट ऑलराउंडर में समिति द्वारा ट्रॉफी और मेडल रखा गया है। ग्रामीण मोहन साहू ने बताया कि 14 जनवरी को रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसगढ़ की प्रस्तुति होगी।

### आज जिले के कई गांवों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत गुरूवार 11 जनवरी 2024 को बालोद विकासखण्ड के ग्राम परसदा में 10 बजे, देवीनवागांव में दोपहर 01 बजे तथा नेवारीकला में दोपहर 03 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सुरेगांव तथा संजारी में सुबह 10 बजे एवं परसाडीह सु और गंजईडीह में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी और कुथरेल में 10 बजे, ग्राम बासीन में दोपहर 01 बजे, मटिया अ में दोपहर 02 बजे तथा ग्राम पिरीद में दोपहर 03 बजे बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत गुरूर के बगतरायी में 10 बजे, ग्राम बोरीदकला में दोपहर 12.30 बजे एवं ग्राम बालोदगहन में दोपहर 03 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद पंचायत डौण्डी के ग्राम ढोरीठेमा में 10 बजे, ग्राम भर्रीटोला 36 में 12 बजे एवं कुंजकन्हार में दोपहर 02.30 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश की यात्रा बन चुकी है : अवधेश सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/बेरला

विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है। ये यात्रा सपनों, संकल्पों और भरोसे की यात्रा बन चुकी है। यात्रा का आज 57वां दिन है और इतने कम समय में इस यात्रा से 11 करोड़ लोगों का जुड़ना अपने आप में अभूतपूर्व है। छत्तीसगढ़ में यात्रा का 26 वां दिन है और यह संकल्प भारत यात्रा बेरला ब्लॉक के बेरला जैसे नगर से होते हुए दूरस्थ गांव में भी पहुंच गया है। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति व नशा मुक्ति, स्वच्छ्ता पर नाटक के माध्यम से लोगो को संदेश दिया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल, अध्यक्षता नरेंद्र वर्मा, विशिष्ट अतिथि यशवंत वर्मा, जिला पंचायत सदस्य राहुल टिकरिहा, पुष्पा साहू, पोषण वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संध्या परगनिहा, महामंत्री गौकरण साहू, विधानसभा मीडिया प्रभारी नीरज राजपूत, जनपद सदस्य गैन्दू राम, सरस्वती कमल किशोर सरपंचगण उपस्थित थे।



### 2 करोड़ से ज्यादा गरीबों की हुई स्वास्थ्य जांच

इस यात्रा के दौरान देश भर में 2 करोड़ से ज्यादा गरीबों के स्वास्थ्य की जांच हुई है। इसी समय में एक करोड़ लोगों की TB की बीमारी की भी जांच हुई है। 22 लाख लोगों की सिकल सेल एनीमिया की जांच हुई है। ये सारे लोग गांव, गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के लोग हैं। जबसे ये यात्रा शुरू हुई है, तब से लगभग 12 लाख नए लाभार्थियों ने उज्ज्वला योजना के मुफ्त गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में उज्ज्वला की 10 करोड़वीं लाभार्थी बहन के घर गया था ये है मोदी सरकार की योजना जो धरातल पर शत प्रतिशत पहुँच रही है यही विकसित भारत का उद्द्येश्य है।

इस अवसर पर अवधेश चन्देल ने कहा समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। कई बार जागरूकता की कमी से या दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों तक पहुंचना हमारी सरकार अपना दायित्व समझती है। इसलिए मोदी की गारंटी की ये गाड़ी गांव-गांव जा रही है। मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से लोग अपना अनुभव साझा कर रहे हैं और लोगों से भी योजना का लाभ लेने की आग्रह कर रहे हैं। सरकार आपके दरवाजे में आये है।

## कार्यक्रम : समाधान महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

# दूसरों का जीवन बचाने का श्रेष्ठ माध्यम है रक्तदान : एसपी भावना गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय, समाधान आईटीआई एवं वंदेमातरम् सेवा संस्थान के सामूहिक तत्वाधान में संस्था ने अपने सामूहिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए 7वीं बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

- शिविर में 56 यूनिट ब्लड जमा कर आशीर्वाद ब्लड बैंक को

**लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ें :** इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिले की सक्रिय पुलिस अधीक्षक व आईपीएस भावना गुप्ता रहीं । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया । रक्तदान शिविर के आयोजन की बधाई देते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रक्तदान महादान हैं, इसके माध्यम से आप दूसरों के जीवन को भी रक्षित करते हैं। जीवन में सफलता अर्जित करने के लिए कड़ी मेहनत व त्याग करने का भाव अनिवार्य हैं । उन्होंने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि आप अपना लक्ष्य



निर्धारित करते हैं तो कोई भी बाधा आपको प्रभावित नहीं कर सकती, आपको अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होते रहना है ।

### अब तक कर चुकी 35 बार रक्तदान

समाजसेवी एवं पार्षद नीतू कोठारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि उन्हें अब तक 35 बार रक्तदान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है तथा रक्तदान से होने वाले फायदों से अवगत कराया । वंदेमातरम् सेवा संस्थान समिति के अध्यक्ष निराकार पांडेय ने रक्तदान करने के विभिन्न लाभ एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान करने के बहुत सारे लाभ हैं, रक्तदान से हार्ट अटैक की संभावनाएं कम होती हैं। रक्तदान करने से वजन कम करने में मदद मिलती हैं व रक्तदान करने से शरीर में एनर्जी आती हैं।

### रक्तदान से लीवर होता है स्वस्थ

महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने रक्तदान के महत्व को बताते हुए कहा कि रक्तदान से जीवन से जुड़ी समस्याओं में राहत मिलती हैं, आयरन की मात्रा को बैलेंस करने से लीवर स्वस्थ बनता हैं। रक्तदान करने वालों में सहायक प्राध्यापक पूजा सिंहा, उमेश सिंह राजपूत, राजेश गजपाल, प्रीति शर्मा, राजेंद्र वर्मा, गणेश्वर साहू, आकाश हिरवानी, धारणा सिंह, भूमिका देवांगन व श्रद्धा वर्मा, तुकाराम जोशी, रितेश साहू तथा पंडित सुन्दरलाल शर्मा में अध्ययनरत डीएलएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों ने प्रेरित होकर छत्रवति साहू, दीक्षित वर्मा, गजेन्द्र प्रसाद, भूमिका मनहरे, अजय कुमार तथामहाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में दिव्या दास, हिमांशु राज, रविशंकर, हरीश शर्मा, हर्षवर्धन, लीलाधर, दीपक निशांत, संकेत सिंह ठाकुर, कृष्णा कुमार, सुनील सिन्हा, कैलाश घाटे, मुकेश सिन्हा, टिकेश साव, शत्रुहन, रवि कुमार, डागेश्वर साहू, लेखराज यादव, प्रिया मार्कन्डेय, नील मदिपन, भोला राम, जयेश नेताम, देवेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, मनीष सेन, शगुन जांगडे, आशु साहू, यशवंत, कोमल साहू, तोरण साहू, अमित साहू, हिमांशु पाण्डेय, युवराज, आयुष चन्द्रवंशी, नंदकुमारी, भावेश यादव, पोषण लाल, दीपक साहू, टाकेश्वर साहू, विकास मानिकपुरी, निखिल साहू ने भी रक्तदान किया। इस शिविर में रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को महाविद्यालय एवं आशीर्वाद ब्लडबैंक रायपुर के द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस रक्तदान शिविर में कुल 56 यूनिट ब्लड संग्रहित करके आशीर्वाद ब्लड बैंक को सौंपा गया ।

# केंद्रीय योजनाओं की हितग्राहियों को दी गई जानकारी



हरभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा-नवागढ़

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नगर पंचायत नवागढ़ में बुधवार को बस स्टैंड में किया गया। जिसमें शासकीय योजनाओं की जानकारी विभागवार स्टाल लगाकर दिया गया।

- नवागढ़ में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

कार्यक्रम का शुभारम्भ केंद्र सरकार द्वारा जारी कलेंडर एवं बुकलेट का विमोचन कर नागरिकों में वितरण कर किया गया। विकसित भारत की कहानी संचालित वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री के रिकार्डिंग सन्देश प्रसारित किया गया।

नगर पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत मिथुन खरे, स्वच्छ भारत मिशन में रोशनी गर्ग, मातृत्व वंदन योजना में चंद्कली साहू, किसान सम्मान योजना में संपत साहू, उज्ज्वला गैस में रूपा जायसवाल आदि लाभार्थियों के द्वारा अपने अनुभव को साझा किया गया। नगर के न्यू गुरुकुल, शिशु मन्दिर तथा गुरुकूल सुकुल पारा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी गई। साथ ही उपस्थित अतिथियों, किसान, महिला एवं विधार्थियो के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में आशाराम ध्रुव उपाध्यक्ष, नैना कुर्रे, हेमंत सोनकर, जाहिद बेग, टिकमपुरी गोस्वामी, रतन दिवाकर, मंजु लता रात्रे, रामनारायण श्रीवास, गोलू सिन्हा, तोरण निषाद, लक्ष्मण साहू, राहुल खुराना, प्रेमू साहू, मिंटू बिसेन, विनोद साहू, आकाश धर दीवान, संतोष देवांगन, सतीश सोनी, वीरेंद्र मसीह, टीआर चौहान सीएमओ, संजय मोटवानी उप अभियंता, मुकेश तिवारी, महितोष शर्मा लेखापाल, श्रीरिश तिवारी, भीखम वर्मा, प्रवीण, कुशाल, अरुण, जीतराम दिलीप जायसवाल सहित नगरवासी उपस्थित थे।

# बीआरसी साजा में अंगना में शिक्षा 4.0 कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विकासखंड शिक्षा अधिकारी निलेश कुमार चंद्रवंशी के निर्देशानुसार एवं बीआरसी भेखदास बघेल के मार्गदर्शन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीआरसी भवन साजा में किया गया। जिसमें विकासखंड के प्रत्येक संकुल से संकुल समन्वयक एवं एक सक्रिय महिला शिक्षक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी निलेश कुमार चंद्रवंशी एवं बीआरसी भेखदास बघेल द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर प्रारंभ की गई। उसके पश्चात प्रेरणा गीत से विभिन्न गतिविधि द्वारा प्रशिक्षणार्थी को प्रेरित किया गया। मास्टर ट्रेनर मेनका तिवारी एवं खुशबू दुबे द्वारा महिला उन्मुखीकरण एवं खेल-खेल में शिक्षा को बढ़ावा देते हुए एक नई पहल को मूर्त रूप प्रदान करने में अंगना में शिक्षा 4.0 कार्यक्रम के तहत साजा में



कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी निलेश कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य में कक्षा पहली व दूसरी के छोटे-छोटे बच्चों एवं माताओं को घर पर रहकर स्कूल के लिए तैयार करने के उद्देश्य से अंगना में शिक्षा कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। दरअसल छत्तीसगढ़ में बच्चों की शिक्षा को रुचि पूर्ण बनाने और उन्हें खेल-खेल में ही भाषा व गणित एवं विभिन्न विषयों की पढ़ाई करने के लिए अंगना में शिक्षा कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षा विभाग द्वारा की गई है। सहायक परियोजना अधिकारी कमल नारायण शर्मा ने कहा कि अंगना में शिक्षा मूलतः माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम है इस हेतु एक्टिव मदर कम्युनिटी (सक्रिय माता समुदाय) का प्रत्येक प्राथमिक शालाओं में गठन किया गया है। जो कि प्रमुखता के साथ बच्चों के शाला पूर्व तैयारी में अपना योगदान देंगे। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भेखदास बघेल ने बताया कि जिस प्रकार से पिछले 2 वर्षों से अंगना में शिक्षा त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। ठीक उसी प्रकार इस साल भी सभी विद्यालयों में यह त्यौहार का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम में निलेश कुमार चंद्रवंशी-बी ई ओ, कमल नारायण शर्मा एपीसी, भेखदास बघेल बीआरसी, मन्नू लाल साहू, समस्त संकुल समन्वयक एवं सक्रिय महिला शिक्षक उपस्थित रहे।

# पात्र महिला हितग्राहियों को मिला उज्ज्वला गैस कनेक्शन

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची नगर पंचायत नवागढ़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

विकसित भारत संकल्प यात्रा ज़िले के नगर पंचायत नवागढ़ के वार्ड क्रमांक 10 पहुंची। इस दौरान आमजनों को भारत सरकार द्वारा

- भारत सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं की आमजन को दी गई जानकारी

संचालित विभिन्न योजनाओं एवं भारत सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गयी ।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के द्वारा विकसित भारत संकल्प रथ का स्वागत मां सरस्वती वंदना तथा दीप प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से किया गया । स्थानीय स्कूल की बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किए। साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, किसान, महिला एवं विधार्थियों के बीच क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई, इसमें विजेताओं को विकसित



भारत यात्रा कैप दिया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

**इन योजनाओं का दिया गया लाभ :** हितग्राही मूलक योजना प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री उज्वला, प्रधानमंत्री आयुष्मान, जन आरोग्य, प्रधानमंत्री स्वनिधी, अटल पेंशन इत्यादि से पत्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। विभिन्न विभागों महिला व बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता, स्वास्थ्य विभाग व बैंक दवारा स्टाल लगाये गये। पात्र महिला हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्वाला योजना के तहत गैस कनेक्शन वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण कीट वितरण व नगर पंचायत द्वारा स्ट्रीट वेंडर कार्ड का वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड तथा हितग्राही की स्वास्थ्य जांच किया गया, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड वितरण किया गया।

### ये रहे उपस्थित

उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि आशाराम ध्रुव, उपाध्यक्ष, नैना कुर्रे हेमंत सोनकार, जाहिद बेग, टिकमपुरी गोस्वामी, रतन दिवाकर, मंजु लता रात्रे, रामनारायण श्रीवास, गोलू सिन्हा, तोरण निसाद, लक्ष्मण साहू,राहुल खुराना सांसद प्रतिनिधि, प्रेमू साहू अध्यक्ष साहू समाज, मिंटू बिसैन, विनोद साहू, आकाश धर दीवान, संतोष देवांगन, सतीश सोनी वीरेंद्र मसीहए प्रकाश ठाकुर, तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी टी. आर. चौहान संजय मोटवानी उप अभियंता, मुकेश तिवारी, महितोष शर्मा, लेखापाल, शिरीष तिवारी, भीखम् वर्मा, दिलीप जायसवाल संचालन कर्ता एवं अन्य कर्मचारी तथा आम नागरिक उपस्थित रहे।

# योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने भाजपा आईटी सेल ने लिया संकल्प



**बेमेतरा।** जिला भाजपा कार्यालय में जिला आईटी सेल की प्रथम बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में जिला भाजपा महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने आगामी लोकसभा चुनाव के विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए आईटीसेल के नवनियुक्त पदाधिकारीयों का शुभकामनाएं दी और अपने-अपने कार्य को निष्ठापूर्वक करने मार्गदर्शन दिया।

इस दौरान जिला संयोजक सौरभ मिश्रा एवं सहसंयोजक पीयूष शर्मा ने कहा कि पार्टी से आईटी सेल का जो दायित्व हमें मिला है उसका हम सभी मिलकर अच्छे से अच्छा करने की भरपूर कोशिश हम कार्यकर्ताओं की होगी। जिससे भारतीय जनता पार्टी की योजनाएं आम आदमी तक सुगमता से पहुंच सके।बैठक में आई टी सेल के निखिल जैन, राजेश मारकंडे, राजू साहू, वैभव यादव, मनोज पटेल, पीयूष राजपूत, बलराम सिन्हा, धर्मेंद्र साहू, पलाश दुबे, अनिल वर्मा, बलराम राय, भुनेश्वर बघेल, सोनसाय वर्मा, मुनित कुमार, पुनित निषाद, नागेश साहू, राकेश पाल, मिथलेश साहू, देवेश साहू, अनिल वर्मा, लेखूराम वर्मा, शिवम दीवान सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।







